पीलीभीत में 200 एकड़ में बायो-फार्मा पार्क बनेगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार पीलीभीत में 200 एकड़ में फार्मास्युटिकल और बायोटेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग केंद्र विकसित करने जा रही है। यहां राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण 951 एकड़ से अधिक भूमि में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित कर रहा है। अमरिया तहसील के भरा पचपेड़ा में बनाए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र के 200 एकड़ भूमि बायो-फार्मा पार्क के लिए सुरक्षित की गई है।

उत्तर प्रदेश प्रमोट फार्मा काउंसिल के डायरेक्टर डॉ. जीएन सिंह ने बताया कि भरा पचपेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में 575.79 एकड़ औद्योगिक भूखंड, 60.98 एकड़ कॉमन फैसिलिटी, 109.23 एकड़ ग्रीन एरिया और 96.20 एकड़ सड़क नेटवर्क के लिए निर्धारित किए गए हैं।

फार्मा फॉर्मूलेशन के अनुकूल जलवायु

डॉ. जीएन सिंह के मुताबिक बायो-फार्मा पार्क को फार्मा फॉर्मूलेशन और बायोटेक्नोलॉजी आधारित उत्पादन की जरूरतों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। पीलीभीत का तापमान और यहां की जलवायु बायो-फॉर्मूलेशन से जुड़ी गतिविधियों के लिए अनुकूल मानी जा रही है।